तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 झुग्गी बस्ती के पात्र परिवारों को पट्टा दिलाना ...



12 जिला कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक ने किया जर्जर ...




## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला 27 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 27 जुलाई को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सेल्स प्रमोटर, लाईफ मित्र, प्यून, सेल्स एक्जूकेटिव, पर्चेस असिस्टेंट, लॉ ऑफिसर एवं रिसेप्सनिष्ट के कुल 182 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, लॉ ग्रेजुएट एवं अन्य ग्रेजुएट उत्तीर्ण हो, वे प्लेसमेंट कैम्प में ऑनलाईन आवेदन कर सभी शैक्षणिक, तकनीकी प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं।

### युवक के सीने में उठा दर्द, मौत

**धमतरी।** सीने में अचानक दर्द शुरु होने से युवक को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सियादेही निवासी राजू मंडावी पिता मेघनाथ उम्र 37 वर्ष किसानी का काम करता था। युवक बीते 15 वर्ष से अपने ससुराल ग्राम डोंगरीपारा थाना केरेगांव में रहकर किसानी का कार्य कर रहा था। बुधवार की सुबह 4 बजे के लगभग युवक के सीने में अचानक तेजदर्द शुरु हो गया। जानकारी होने पर परिजन एंबुलेंस की मदद से युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### शराब सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** शराब सेवन की लत ने युवक की जान ले ली है। अचेत हालत में पड़े युवक को अस्पताल लाने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम परेवाडीह निवासी रूपसिंग साहू ने अपनी छोटी बेटी के बेटे टायसन साहू को बचपन से गोद ले रखा था। उसके जीने खाने के लिये लगभग तीन एकड़ जमीन भी दिया है। टायसन पिता तेजराम साहू उम्र 27 वर्ष शराब पीने का आदी था जिसके कारण वह खाना भी कम खाता था। कभी-कभी बिना खाना खाए सो जाता था। बुधवार की सुबह उसकी पत्नी पिनकी साहू अपने नाना ससुर रूपसिंग को बताई की टायसन अचेत पड़ा है, उठ नहीं रहा है। जानकारी मिलने पर रूपसिंग ने जाकर देखा तो उसका नाती बिस्तर पर अचेत पड़ा हुआ था जिसे उपचार के लिये एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया।

# आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की चुनौती, चिन्हित स्थानों पर भोजन देने की व्यवस्था बेअसर

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए नगर निगम ने कुत्तों को भोजन कराने के लिए 30 से अधिक स्थान चिन्हित किए हैं। उद्देश्य यह है कि पशु प्रेमी निर्धारित स्थलों पर ही भोजन कराएं, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों की भीड़ न लगे और आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित न हो। हालांकि, निगम की इस व्यवस्था का अपेक्षित पालन नहीं हो रहा है। अधिकांश लोग सड़क किनारे, बाजार, कॉलोनियों और चौक-चौराहों पर ही कुत्तों को भोजन दे रहे हैं, जिससे कई इलाकों में कुत्तों का जमावड़ा बढ़ रहा है।

नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त अरूण वर्मा और उपायुक्त पी.सी. सार्वा ने बताया कि कुत्तों को

## 30 से अधिक स्थान तय, फिर भी सड़क और मोहल्लों में ही कराया जा रहा भोजन

### हर दिन अस्पताल पहुंच रहे डॉग बाइट के मरीज

शहर में कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 10 से अधिक लोग एंटी-रेबीज टीका लगवाने पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनवरी में 672, फरवरी में 857, मार्च में 530, अप्रैल में 547, मई में 498 और जून में 512 डॉग बाइट के मामले दर्ज किए गए। नागरिकों का कहना है कि रिहायशी और व्यस्त इलाकों में भोजन मिलने से कुत्तों का झुंड एकत्र हो जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।




### नसबंदी अभियान जारी, नियमों के पालन पर जोर

नगर निगम आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए दानीटोला केंद्र में नसबंदी अभियान संचालित कर रहा है। हरियाणा की एजेंसी प्रतिदिन तीन से चार कुत्तों की नसबंदी कर रही है। नसबंदी के बाद कुत्तों को कुछ समय तक निगरानी में रखा जाता है। निगम के अनुसार शहर में 10 हजार से अधिक आवारा कुत्ते हैं, इसलिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



भोजन कराने के लिए 30 से अधिक स्थान निर्धारित किए गए हैं। नागरिकों से अपील है कि वे केवल इन्हीं चिन्हित स्थलों पर भोजन दें, ताकि शहर में व्यवस्था बनी रहे, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और आवारा कुत्तों के कारण होने वाली समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## कम सीट आवंटित होने के बाद भी खाली है 119 सीटें

# दो चरण में नहीं भर पाई आरटीई की सीटें, अब तीसरा चरण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आरटीई के तहत दो बार लॉटरी निकालने के बाद भी 119 सीटें रिक्त रह गई है। स्थिति को देखते हुए तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। समस्या यह है कि दूसरे चरण का एडमिशन अगस्त माह के अंतिम में कम्पलीट होगा, तब तक तो आधा कोर्स खत्म हो चुका होगा।

हर साल आरटीई के तहत 1200-1400 सीटें रिक्त रहती थी। इस साल नियम में बदलाव के कारण सीटों की संख्या काफी कम हो गई। मात्र 450 सीटों को लेकर आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की गई। सीटें कम होने के बाद भी दो चरण की प्रवेश प्रक्रिया में सीटें भर नहीं पाई है। अभी भी 119 सीटें रिक्त हैं। इन सीटों को भरने के लिए 17 जुलाई से तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 22 जुलाई से आरटीई के तहत आवेदन भी लिए जा रहे हैं। अब तक 7 नए आवेदन मिल चुके हैं। पुराने आवेदनों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। 10 अगस्त को ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी। काउंसलिंग कर बच्चों का चयन किया जाएगा। इसके बाद 17 से 25 अगस्त तक लॉटरी में चयनित बच्चों को संबंधित निजी विद्यालयों में दाखिला दिया जाएगा। 20 से 27 अगस्त तक प्रवेशानुसार नोडल प्राचार्यों द्वारा प्रवेशित बच्चों की अंतिम प्रविष्टि आरटीई पोर्टल में दर्ज की जाएगी।




### 33 ने नहीं लिया एडमिशन

दो चरणों में 33 सीट ऐसी हैं, जिसमें लॉटरी में बच्चों का नाम तो आया था, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण उन्होंने दाखिला नहीं लिया। कई छात्र ऐसे हैं, जिनका दो स्कूलों में नाम आया था। पहले चरण में 26 और दूसरे चरण में 7 सीटों पर एडमिशन नहीं लिया गया है। इन सीटों को तीसरे चरण में शामिल किया गया है। पालकों के मुताबिक कई अभिभावक अपनी पसंद का स्कूल नहीं मिलने, स्कूल की दूरी अधिक होने, दस्तावेजों की समस्या अथवा अन्य कारणों से प्रवेश नहीं लेते हैं। यही वजह है कि सीट आवंटित होने के बाद भी बड़ी संख्या में बच्चे दाखिले से वंचित रह जाते हैं।

### ऐसा रहा दो चरणों का प्रवेश

पहले चरण के दाखिले के लिए 450 सीटों के लिए 1235 आवेदन मिले थे। इस चरण में 354 बच्चों को सीट एलॉट किया गया। इसमें से 328 ने एडमिशन लिया। दूसरे चरण के लिए 112 सीटें बची थी, जिसमें 30 बच्चों को सीट एलॉट किया गया। इस चरण में 23 बच्चों ने एडमिशन लिया। अब तीसरे चरण के लिए 20 नई सीटें आई है। ये वे सीटें हैं, जिनमें छात्र आरटीई के तहत पढ़ रहे थे, लेकिन अब वे स्कूल छोड़ चुके हैं, उनके स्थान पर दूसरे छात्रों को अवसर दिया जाएगा। कुल 119 सीटें रिक्त हैं। तीसरे चरण में इन सीटों को भरना किसी चुनौती से कम नहीं है।

# दिनदहाड़े महानदी पुल पर युवक की धारदार हथियार से हत्या

- फरार आरोपी की तलाश जारी, क्षेत्र में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड थाना क्षेत्र अंतर्गत करेलीबड़ी चौकी क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। करेलीबड़ी और नारी के मध्य बने पुल के पास चावल से भरे पिकअप वाहन के चालक की अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। इस दुस्साहसिक घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में भारी दहशत का माहौल है।

करेलीबड़ी चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नीरज साहू (उम्र 31 वर्ष), पिता खुमान साहू, निवासी ग्राम कुण्डेल के रूप में हुई है, जो राइस मिल में मुंशी/चटला का कार्य करता था। घटना 22 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 8:30 से 9:00 बजे के बीच की है। मृतक अपनी बोलेरो पिकअप वाहन (क्रमांकः सीजी 06 जीटी 7035) में चावल भरकर कहीं जा रहा था। जब उसका वाहन



करेलीबड़ी और नारी के मध्य बने उच्चस्तरीय पुल के पास पहुँचा, तभी अज्ञात आरोपियों ने उसे रोककर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही करेलीबड़ी चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे अपने दल-बल के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। हत्या की इस गुत्थी को सुलझाने और आरोपियों की धरपकड़ के लिए साइबर सेल सहित स्थानीय पुलिस बल की टीमें गंभीरता से जुटी हुई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक नीरज साहू अपने पीछे अपनी पत्नी और एक बच्चे को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पुलिस मामले की गहनता से जाँच कर रही है।

# डकैती कांड का खुलासा : अंतरजिला गिरोह के आठ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज डकैती का खुलासा करते हुए पुलिस ने अंतरजिला गिरोह के आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई एक्टिवा स्कूटी, वीवो मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार ग्राम छाती निवासी विमल देशलहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जुलाई 2026 की रात करीब 2 बजे मगरलोड जाते समय ग्राम मंदरौद मोड़ स्थित राजू फर्नीचर मार्ट के पास विश्राम के दौरान सफेद स्विफ्ट कार में सवार बदमाशों ने मारपीट कर उनसे 9 हजार रुपये नकद, वीवो मोबाइल और एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केडी 9932 लूट ली थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना और वैज्ञानिक विवेचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पूछताछ के बाद पुलिस ने रायपुर के संतोषी नगर निवासी अनुज ध्रुव (22), सेजबहार निवासी भूपेश उर्फ कंज्जे ध्रुवंशी (20), संजय विश्वकर्मा (23), राजेन्द्र उर्फ राहुल निषाद (24), बालोद जिले के रजोली निवासी योगेन्द्र उर्फ योगी यादव (21), धमतरी जिले के दोनर निवासी तीरथ यादव (23), रायपुर के सेजबहार निवासी अमन लंगोटे उर्फ बिल्डर (26) तथा ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के डरलीमुड़ा निवासी पुरन उर्फ राजा रात्रे (19) को गिरफ्तार किया।



ओडिशा से बरामद हुई लूटी गई एक्टिवा

आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई एक्टिवा ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के डरलीमुड़ा से बरामद की गई। इसके अलावा वीवो मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 एनडी 9188 भी जब्त कर ली गई। विवेचना में डकैती में पांच से अधिक व्यक्तियों की सक्रिय संलिप्तता सामने आने पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### आज गांधी मैदान में कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर धमतरी द्वारा गुरुवार, 23 जुलाई को सुबह 11 बजे गांधी मैदान में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह आंदोलन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि छात्रहित के समर्थन में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित अन्य सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में यह धरना आयोजित किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर धमतरी ने सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल तथा समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। विरोध स्वरूप कार्यक्रम में काले वस्त्र पहनकर शामिल होने का भी आग्रह किया गया है।

# लगातार बारिश से खेती किसानी पर ब्रेक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार बारिश से खेती किसानी थम गया है। खेतों में पानी भरने से न तो दवा का छिड़काव करते बन रहा है और न ही खाद का। अब किसान बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं।

जिले में पिछले करीब एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश से खेत खलिहान भर आए हैं। ज्यादा पानी होने के कारण खेती किसानी थम सी गई है। खेतों में पानी की धार चल रही है, जिसके चलते किसान न तो खाद का छिड़काव कर पा रहे हैं और दवा का। किसान बंशी साहू ने बताया कि फसल में अभी से तना छेदक का प्रकोप शुरू हो गया है, वे दवा छिड़काव के लिए बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं। रमन साहू, युवराज शर्मा सहित अन्य किसानों न बताया कि उन्होंने खुर्रा बोनी की है। लगातार बारिश से बीज सड़ गए, जिससे खेतों में पौधों का घनत्व कम हो गया है। अब वे खरपतवारनाशक दवा छिड़कने के लिए बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं।

### जिले में 87.6 प्रतिशत बारिश

धमतरी जिले में पहले सूखे की स्थिति थी, लेकिन मानसून ऐसी मेहरबान हुई कि जिले में 87.6 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। बुधवार की स्थिति में सर्वाधिक वर्षा धमतरी तहसील में 52.5 मिमी हुई है। कुरूद में 39.5, मगरलोड में 32.6, नगरी में 37.8, भखारा में 26.5, कुकरेल में 41 और बेलरगांव तहसील में 31.5 मिमी बारिश हुई है।

## कांग्रेसी नेताओं के गिरफ्तारी के विरोध में गांधी मैदान में फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

# छात्रों की आवाज दबाने वाली मोदी सरकार के खिलाफ फूटा कांग्रेस का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिल्ली में छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलन पर हुए दमन और शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व की गिरफ्तारी के खिलाफ देशव्यापी गुस्से के बीच आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी मैदान में केंद्र सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। देश के छात्रों और युवाओं के भविष्य व अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज बुलंद कर रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी समेत कई सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को मोदी सरकार द्वारा तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए हिरासत में लिया गया। दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे इन शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज स्थानीय गांधी मैदान में जिला कांग्रेस के तत्वावधान में एक विशाल विरोध प्रदर्शन और आक्रोश मार्च आयोजित हुआ। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं और छात्र संगठनों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार की



तानाशाही नहीं चलेगी, छात्रों पर लाठीचार्ज बंद करो और राहुल गांधी आगे बढ़ो के नारों से आसमान गुंजा दिया। राजीव भवन से आक्रोश मार्च के गांधी मैदान पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस बल के साथ कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझोंक भी हुई, लेकिन भारी आक्रोश के बीच पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया गया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, खिलेन्द्र ध्रुव, जिला नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, संतोषी निषाद, जिला उपाध्यक्ष सूर्याराव पवार, जानसिंग यादव, जिला महामंत्री योगेश लाल, विक्रांत पवार, आकाश गोलछा, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, जिला सचिव राजेश पाण्डेय, कामराय साहू, शैलेन्द्र दीवान, उदित नारायण साहू, अविनाश मारोठे, आशुतोष खरे, जैनुद्दीन रिजवी, पार्षद सूरज गहरवार, अनिल कुर्रे, तेजराम सिन्हा, संजू साहू, प्रवीण साहू, वतांजली गोस्वामी, सूरज पासवान, प्रणय बच्चन, श्रीकांत तिवारी, लुकेश्वरी साहू, मानिक साहू, योगेश्वर साहू, टिकेंद्र देवांगन, रियाज अहमद, धर्मेंद्र पटेल, अमित बाघमरिया, बंटी साहू, इद्रेश साहू, अजय सिन्हा, दिलीप बजाज, अभिषेक ठाकुर, अशोक कुर्रे, श्रवण साहू, समीना अंजुम, हितेश्वरी सिन्हा, रुद्रा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कार में रखे 1.80 लाख के कपड़ों की चोरी



आमापारा की घटना

**धमतरी।** रात्रि में धर्मशाला के पास खड़ी कपड़ा व्यवसायी के कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर ने भीतर रखे 1.80 लाख रूपये के कपड़ों के सेम्पल की चोरी कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार आमापारा निवासी एक कपड़ा व्यवसायी ने अपनी कार में कपड़ों का सेम्पल रखा हुआ था। उक्त कपड़ा सेम्पल की कीमत 1 लाख 80 रूपये है। व्यवसायी ने अपनी कार को सोमवार की रात्रि अपने घर के पास सड़क किनारे खड़ी किया था। मंगलवार की सुबह व्यवसायी कार के पास पहुंचा तो सामने का शीशा टूटा हुआ पाया। भीतर देखने पर सेम्पल कपड़ा गायब था। उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जिसमें कुछ अज्ञात युवक कार का शीशा तोड़कर भीतर रखे कपड़ों के सेम्पल को निकालकर ले जाते दिखे। व्यवसायी ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इस घटना से वार्ड के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अज्ञात चोरों ने जिस तरह से घर के पास रखी कार का शीशा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है उससे लग रहा है कि उन्हें पुलिस का भय नहीं है।

## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रांजल का चयन



**नगरी।** छग शासन के विशेष प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय दुर्गा चौक नगरी के पूर्व छात्र प्रांजल शील ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर सफलता हासिल की है। आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास कार्यालय रायपुर द्वारा जारी चयन की पहली सूची में ही प्रांजल शील का नाम शामिल हुआ है। उन्हें प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर में काउंसलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रांजल, राजकुमार एवं मौऊमिता शील के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि को उनके अथक परिश्रम के साथ-साथ माता-पिता और मार्गदर्शक शिक्षकों के सहयोग एवं आशीर्वाद का परिणाम बताया जा रहा है। प्रांजल की सफलता पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय दुर्गा चौक नगरी की प्रधान अध्यापिका पूर्णिमा साहू, शिक्षिकाएं रीतू बघेल, वंदना साहू, नीतू गुप्ता एवं यतीन्द्र गौर ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दें : मानिकपुरी

**धमतरी।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी जायज़ मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की



एनएसयूआई के राष्ट्रीय सह संयोजक एवं पंचायत प्रतिनिधि ग्राम पंचायत सलोनी ओमप्रकाश मानिकपुरी ने कड़ी निंदा की है। ओमप्रकाश मानिकपुरी ने कहा कि भाजपा सरकार में बेहतर शिक्षा व्यवस्था की लड़ाई लड़ना मानों अपराध बन गया है। जब छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग करते हैं, तब उन्हें संवाद के बजाय लाठियों से जवाब दिया जाता है। यह लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। छात्रों पर हुए इस अमानवीय लाठीचार्ज की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। शिक्षा मंत्रालय छात्रों की समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है और गृह मंत्रालय शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय दमनकारी कार्रवाई का जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की कि जंतर-मंतर में छात्रों पर लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा घायल छात्रों को उचित उपचार और न्याय सुनिश्चित किया जाए।

### निधन : ओम साहू

**कुरूद।** ग्राम नवागांव निवासी ओम साहू (34) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे



सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत नवागांव के सरपंच टिकेश साहू के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा एवं अंत्येष्टि गांव के मुक्तिधाम में सम्पन्न हुई जिसमें गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण शामिल हुए।

# विद्युत सेवाओं में सुधार पर जोर, उपभोक्ता-अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण और सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से बुधवार को कुरूद स्थित विश्राम गृह में उपभोक्ताओं एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल ने उपभोक्ताओं को शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिजली बिल, लो-वोल्टेज, ट्रांसफार्मर खराबी, नए कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं के लिए पहले संबंधित वितरण केंद्र या उपसंभाग के कनिष्ठ अथवा सहायक यंत्री से संपर्क करें। यदि समाधान नहीं होता है, तो उपभोक्ता फोरम में निःशुल्क शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कार्यशाला में 1912 टोल-फ्री नंबर, मोर बिजली एप तथा



विभागीय कार्यालय के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उपभोक्ताओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें, शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें तथा नियमित फील्ड निरीक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही बिजली कटौती, मीटर बदलने और नए कनेक्शन जैसी सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यशाला में कुरूद संभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ यंत्री सहित विभागीय फील्ड स्टाफ उपस्थित थे। अध्यक्ष ने कहा कि फोरम का उद्देश्य विभाग और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवाएं सुनिश्चित करना है।

धमतरी जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पंचायत नगरी के मंडी प्रांगण में आयोजित

# नगरी में 9 अगस्त को मनेगा विश्व आदिवासी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व के मूलनिवासी समुदायों के अधिकारों, संस्कृति, भाषा और पहचान के संरक्षण तथा उनके विकास के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाने हेतु 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया है। वर्ष 1982 में इसी दिन जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र के आदिवासी आबादी पर कार्य समूह की पहली बैठक हुई थी। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण वर्ष 1994 से प्रतिवर्ष 9 अगस्त को यह दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों के मानवाधिकार, भूमि अधिकार, स्वशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए सरकारों, संस्थाओं और समाज को एकजुट करना है।

### धमतरी जिले में आयोजन की तैयारी

उक्त दिवस के उपलक्ष्य में धमतरी जिला सर्व आदिवासी समाज द्वारा जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत नगरी की कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया जाना सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में रविवार को तहसील गोंडवाना समाज के सामाजिक भवन



नगरी में जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ सल्ला गागरा पेन पुरखा की सेवा अर्जी एवं सामाजिक पुरोधाओं की उपस्थिति में किया गया। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय अनुसार स्थल निर्धारण कार्यक्रम स्थल नगर पंचायत नगरी की कृषि उपज मंडी प्रांगण तय किया गया। आयोजन की जिम्मेदारी कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था हेतु तहसील सर्व आदिवासी समाज नगरी, अ.ज.जा. कर्मचारी अधिकारी संघ नगरी एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को दायित्व सौंपा गया। समितियों का गठन कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से संपन्न कराने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यरूपरेखा तैयार करने का प्रस्ताव पारित हुआ। अतिथि आमंत्रण कार्यक्रम में राज्य के ट्राइबल मंत्री स्तर के अतिथि एवं संवैधानिक प्रवक्ता को आमंत्रित करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गएः- संविधान की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांकरा और बेलर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने की कार्यवाही को असंवैधानिक मानते हुए विरोध प्रस्ताव पारित किया गया। सीतानदी-उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में निवासरत आदिवासी परिवारों की मूलभूत सुविधाओं, वन अधिकार और आजीविका से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण हेतु मांग रखी गई।

बैठक में जिला सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, संरक्षक पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, रामप्रसाद मरकाम, तहसील अध्यक्ष उमेश देव, सुरेन्द्र ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज नगरी, तहसील गोंडवाना समाज अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव नगरी, हल्बा समाज अध्यक्ष आर.एल. देव नगरी। उदय सिंह नेताम, जयपाल ठाकुर, ए.आर. ठाकुर, पी आर नेताम,डोमार सिंह ध्रुव, कृष्णा नेताम, एच.आर. ध्रुव, ईश्वर नेताम, लिलेश्वर ग्वाल, रमी गौतम, भूमिका कोर्राम, खिलेन्द्र पडोटी, गेवाराम नेताम, टीकम सिंह ध्रुव, नरेश कावड़े, सुरेश ध्रुव, हरख मंडावी, संतकुमार नेताम, नीलू छेदैया, नरसिंग मरकाम, दलगंजन मरकाम, हलधर शार्दूल, उत्तम नेताम, हेमलाल मरकाम, पूरन नेताम, मुनेन्द्र ध्रुव, शशिकला ध्रुव, फूलेश्वरी नेताम, सत्यवती नेताम, मीना देवी शांडिल्य, शशि ध्रुव, पुष्पा देवी मंडावी, राधिका साक्षी, शैल नेताम,पोखन नेताम,रवि मरकाम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# डोंगरडुला हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रसंघ का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरडुला में छात्रसंघ का गठन किया गया। कक्षा 12वीं के छात्र खेलन यादव शाला नायक बना। उप शालानायक चिलेंद्र साहू 11वीं, अनुशासन सचिव मुकेश और परिणिता, सांस्कृतिक सचिव निहारिका और राखी क्रीड़ा सचिव डेविड और संजना बागवानी सचिव निधि और सक्षम तिवारी को बनाया गया। सारे बच्चों को सेवानिवृत व्याख्याता श्रीमती आभा श्रीवास्तव के द्वारा शपथ दिलाई गई। प्राचार्य एम एस जयसिंधु द्वारा बच्चों को विद्यालय को सुचारू रूप से, अनुशासन के साथ संचालित करने में सहयोग करने की बात कही। छात्रसंघ प्रभारी पी एल साहू व्याख्याता ने पूरे चुनाव प्रक्रिया को संचालित किया।

# शासकीय उमावि राजपुर में एसएमसी समिति का गठन, केशव बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विकासखंड नगरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, पालक और शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से केशव प्रजापति को अध्यक्ष, संतोषी नागेश को उपाध्यक्ष पंचायत प्रतिनिधि में सरपंच उत्तम नेताम, जयकृष्ण साहू को शिक्षाविद, प्राचार्य रमेश टंडन को सचिव, व्याख्याता डोमारसिंह ध्रुव और सरोज नेताम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सदस्य बनाया गया। इसके अलावा राजपुर पूर्व से अंजली नेताम, यशोदा मरकाम, पूनम प्रजापति, राजपुर पश्चिम से प्रतिभा



साहू,प्रेमिन कोसरिया, नीलम कुंजाम, बीचपारा राजपुर से गंगा यादव, सरस्वती मानिकपुरी, निर्मला चंदवंशी, अनुपा मरकाम, परसापानी से गोविंद सिंह मरकाम, अछोली से रामसाय नेताम, दाबगांव से टीकेश मरकाम को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, बच्चों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छता और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष संतोष निषाद, घसियाराम वट्टी पीलाराम नागेश, उदयलाल सेन, हुलारसिंह वट्टी, देवलाल कुंजाम, मधु वट्टी, सविता नेताम, रणजीत तारक, समारू नेताम, शिक्षक एमके यदु, एमएल निषाद, वायएस राजपूत, आर कुंजाम, नीलम शांडिल्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कानीडबरी विद्यालय में टीच व ब्रह्माकुमारी ने किया वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम कानीडबरी के शासकीय विद्यालय परिसर में तेली इंजीनियर्स वेलफेयर एसोसिएशन (टीच) एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच कुंदन नेताम, उपसरपंच हबीब कुरैशी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू सहित टीच के पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

राजयोगिनी ब्र. कु. सरिता दीदी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता बताते हुए जन्मदिन एवं अन्य विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा सभी ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाना था।

# गढ़डोंगरी विद्यालय में नवीन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन

- पूर्व पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय विद्यालय गढ़डोंगरी में शनिवार को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के गठन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रति पूर्व पदाधिकारियों द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदान, सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए शाला परिवार की ओर से उनका सम्मान किया गया। इसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल स्तर की संयुक्त शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का



सर्वसम्मति से गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर रोहित कुमार नेताम तथा उपाध्यक्ष पद पर पन्नालाल मरकाम को मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। साथ ही पूर्व समिति के पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके अनुभव और मार्गदर्शन को विद्यालय के लिए प्रेरणादायी बताया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी की सरपंच रजनी नेताम, टिकेश्वर प्रसाद ध्रुव, मनोहर सोनवानी, प्राचार्य लोकेश कुमार मरकाम, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सिहावा थाना की कमान अब संभालेंगे निरीक्षक उमेश पाटिल

- एसपी भावना पांडेय ने जारी किया पदस्थापना आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

धमतरी जिले की पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत निरीक्षक उमेश पाटिल को सिहावा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

सिहावा थाना क्षेत्र को जिले का महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में अनुभवी अधिकारी की नियुक्ति से कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत



करने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध गतिविधियों पर अंकुश तथा आम जनता को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। निरीक्षक उमेश पाटिल के नेतृत्व में सिहावा थाना क्षेत्र में त्वरित पुलिस कार्रवाई, गुणवत्तापूर्ण विवेचना, अपराधों की रोकथाम तथा जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग को नई गति मिलने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस विभाग का उद्देश्य आम नागरिकों का विश्वास मजबूत करते हुए पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करना है।




## सियानगुड़ी में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

# थक चुकी आंखों को फिर मिली रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने सियानगुड़ी (डे-केयर सेंटर) में मंगलवार को एमजीएम नेत्र चिकित्सालय रायपुर के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर और चश्मा वितरण का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को अच्छा माहौल देने और उनकी उचित देखभाल करने के लिए रूद्री रोड स्थित कृदत्त कालोनी में सियान गुडी का संचालन किया जा रहा है। संचालन का जिम्मा अर्जुनी की



जननी सेवा संस्स्थान ने ले रखी है। मंगलवार को एमजीएम नेत्र चिकित्सालय, रायपुर के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों हेतु निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 40 वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए निःशुल्क नेत्र परीक्षण का लाभ प्राप्त किया। एमजीएम नेत्र चिकित्सालय के पेशेंट कोआर्डिनेटर आउटरिच प्रवीण साहू के मार्गदर्शन में सभी वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की जांच की गई। परीक्षण उपरांत आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया तथा नेत्र स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। वरिष्ठ नागरिकों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक हैं।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### अज्ञात व्यक्ति की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सीएचसी चारामा में इलाज के लिए लाए व्यक्ति का 21 जुलाई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति को इलाज के लिए लाया गया था। अस्पताल से अस्पताली मेमो चारामा थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात व्यक्ति की समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाई।

### पंचायतों में 30 को विशेष ग्रामसभाएं

**कांकेर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जुलाई को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित होगी। इसमें 16 वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का अनुमोदन किया जाएगा। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने ग्राम सभा की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कर जीएस निर्णय मोबाइल ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभासार एआई पोर्टल के माध्यम से कार्यवाही तैयार कर वाइब्रेंट ग्राम सभा एवं जीपीडीपी पोर्टल पर शत-प्रतिशत जानकारी अपलोड करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### आईटीआई में ऑनलाइन काउंसिलिंग 24 तक

**अंतागढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंतागढ़ में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए चौथे एवं पांचवें चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 17 से 24 जुलाई तक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया जाएगा। शनिवार 01 अगस्त एवं रविवार को अवकाश होने के बावजूद प्रवेश कार्य के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अंतागढ़ खुला रहेगा।

### हादसे में मौत की जांच के बाद मामला कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र के नवागांव–जैतानवागांव मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय युवक श्रवण कुमार पटेल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार 18 मई की रात वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी पुल के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

# विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने कार्यशाला में दिए वित्तीय साक्षरता के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं प्रथम अरोरा इंस्टीट्यूट कॉलेज प्रबंधन के सहयोग से कुरूद स्थित प्रथम अरोरा इंस्टीट्यूट में वित्तीय साक्षरता विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन एंजल वन के अधिकृत प्रतिनिधि एवं वित्तीय प्रशिक्षक पंकज कुशवाहा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को धन प्रबंधन, बचत की आदत, निवेश के मूल सिद्धांत, चक्रवृद्धि की शक्ति, म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार, वित्तीय अनुशासन तथा भविष्य की वित्तीय योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों की सरल, व्यवहारिक एवं रोचक तरीके से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कम उम्र से ही सही वित्तीय निर्णय लेने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रश्नोत्तर, वास्तविक जीवन के उदाहरणों तथा इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से आयोजित

**प्रथम अरोरा इंस्टीट्यूट कुरूद में हुआ आयोजन**



सत्र ने विद्यार्थियों को अंत तक जोड़े रखा। विद्यार्थियों ने कार्यशाला का भरपूर आनंद लिया और इसे अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। इस अवसर पर पंकज कुशवाहा की टीम के सदस्य तरुण धुरवे, कविता वर्मा एवं वेद प्रकाश देवांगन ने भी कार्यशाला के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पंकज कुशवाहा ने कहा कि आज के समय में वित्तीय साक्षरता केवल एक विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक आवश्यक जीवन कौशल है। यदि युवाओं को सही समय पर धन प्रबंधन और निवेश की समझ मिल जाए, तो वे अपने भविष्य को आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित और समृद्ध बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई विद्यालय, महाविद्यालय, शासकीय या निजी संस्था अथवा सामाजिक संगठन अपने यहां निःशुल्क वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आयोजित कराना चाहता है, तो 9893627377 पर संपर्क कर सकता है।

### मकेश्वर वार्ड में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की हुई बैठक

# झुग्गी बस्ती के पात्र परिवारों को पट्टा दिलाना प्रदेश सरकार एवं निगम की प्राथमिकता : रामू रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मकेश्वर वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में झुग्गी बस्तियों में निवासरत पट्टा-विहीन परिवारों की समस्याओं एवं पट्टा सर्वे को लेकर बैठक आयोजित की गई। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक बैठक में शामिल हुए। कार्यक्रम में धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा, वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी, भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक एवं जिला महामंत्री महेंद्र पंडित सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नंदू लोधी ने कहा कि झुग्गी बस्तियों में निवासरत भाई-बहनों तक शासन की योजनाओं का लाभ और आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने वर्षों से पट्टा-विहीन परिवारों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है और अब प्रदेश की भाजपा सरकार पात्र हितग्राहियों को पट्टा उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 18 लाख आवासों की स्वीकृति राज्य सरकार की गरीब हितैषी सोच का प्रमाण है तथा आने वाले समय में पात्र परिवारों को पट्टा उपलब्ध कराने का संकल्प भी पूरा किया जाएगा।

मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने उपस्थित नागरिकों को पट्टा सर्वे की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिन परिवारों के पास वर्ष 2017 से पूर्व के सरकारी दस्तावेज, कर रसीद, मालवा पट्टा अथवा अन्य प्रमाण उपलब्ध हैं, वे सर्वे के दौरान संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें शासन की योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम और राज्य सरकार पात्र लोगों को पट्टा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

जिला महामंत्री महेंद्र पंडित ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाजपा हमेशा प्रतिबद्ध रही है और आगे भी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी ने कहा कि यह पहल वर्षों से पट्टे की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ सर्वे प्रक्रिया में सहयोग करें, जिससे पात्र परिवारों को समय पर पट्टा मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य एवं एल्डरमैन भागवत यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में नगर निगम जनकल्याण और विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है तथा पट्टा-विहीन पात्र परिवारों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में प्रकाश लहरे (मंडल अध्यक्ष, अ.ज.जा.), अनूप लोधी, जितेंद्र साहू, मनोज विश्वकर्मा, मनोज यादव, शंकर मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### योग संघ के सदस्यों ने नए एसपी से की मुलाकात

**धमतरी।** प्रसिद्धि योग संघ के सदस्यों ने 21 जुलाई को जिले में नवपदस्थ एसपी भावना पांडेय से मुलाकात की। पुलिस विभाग को योग को सामाजिक



पुलिसिंग के तहत प्रमोट कर लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने प्रेरित किया। योग को प्रमोट करने से समाज में पुलिस विभाग के प्रति लोगों में सकारात्मक चर्चा हो रही है। प्रसिद्धि योग संघ के सदस्यों ने एसपी भावना पांडेय को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सदस्यों ने कहा कि हम सब योग के क्षेत्र में पुलिस विभाग द्वारा लगातार किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते है। योग के माध्यम से सामुदायिक पुलिसिंग का परिचय देते हुए समाज के लोगों को स्वस्थ रहने, मानसिक तनाव दूर करने प्रेरित किया है। इस अवसर पर संघ के सलाहकार एवं मार्गदर्शक लक्ष्मण पहलवान, संरक्षक डॉ संदीप साहू, अध्यक्ष उमराव साहू, उपाध्यक्ष डेमिन, संतोषी निंबाडकर सचिव, उत्तरा सिंह गौतम कोषाध्यक्ष, सहसचिव निकिता, कार्यकारिणी सदस्य उमेंद्र भारद्वाज, तिलक ध्रुव, डॉली यादव, ममता राजपूत उपस्थित थे।

### सामाजिक समरसता सम्मान से धमतरी जिला के पदाधिकारी सम्मानित

**धमतरी।** 19 जुलाई रविवार को वृंदावन हाल रायपुर में सामाजिक समरसता अलंकरण से जिला साहू समाज के सक्रिय पदाधिकारी गणों को शाल,



श्रीफल, बर्तन सेट, सामाजिक प्रतिभा अभिनंदनावाली पुस्तक व शुभकामना पत्र देकर सम्मानित किया गया। धमतरी जिला के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक लक्ष्मी नारायण साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू, गजानंद साहू, डॉ. मंजूषा साहू, तुमनचंद साहू, डॉ. सुशीला साहू, कवि पुन्नूलाल साहू, वीरेंद्र सरल, ओमप्रकाश साहू, लाला राम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन समिति आदि को सामाजिक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. ममता साहू अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, डॉ. सोमनाथ साहू, पद्मश्री डोमार सिंह साहू, विधायक मोतीलाल साहू, चित्र रेखा साहू, आयोजक डॉ. सुखदेव राम साहू सरस, नीलकंठ साहू, डॉ. नम्रता साहू उपस्थित थे। आने वाले समय में जिला साहू समाज धमतरी के द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, रक्षाबंधन, तीज पर्व, प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम, जन जागरूकता रैली, नशा मुक्ति अभियान, युवक युवती सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### हंचलपुर में एक दिवसीय बाल संस्कारशाला प्रशिक्षण सम्पन्न

**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, भखारा ब्लॉक की ग्राम हंचलपुर द्वारा एक दिवसीय बाल संस्कारशाला प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया



गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में नैतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करना तथा संस्कारशालाओं को अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाना रहा। इस प्रशिक्षण में लगभग 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन श्रीमती बबीता साहू द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं को बाल संस्कारशाला के उद्देश्य, संचालन पद्धति, व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक शिक्षा, प्रार्थना, योग, प्रेरणादायक गतिविधियों एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से बाल संस्कारशाला का संचालन कर बच्चों में उत्तम संस्कारों के विकास हेतु सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संतराम निषाद, टाकेश साहू, डॉ. प्रहलाद, मानसिंग साहू, श्रीमती पुष्पा साहू, उपांशु साहू, लोकेश साहू, मणि साहू, डॉ रेख राम साहू, आशा साहू, भावना साहू सहित गायत्री परिवार के अनेक परिजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के कौशल प्रसाद साहू ने यह जानकारी दी है। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंत्र एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

### अध्यक्ष पद के दो दावेदार, फैसला 26 को

**धमतरी।** कोसरिया यादव ससाज नगर इकाई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। एक ही वार्ड से दो दावेदार रामेश्वर यादव और यशवंत यादव के बीच आमने-सामने का मुकाबला है। बहुमत किसे मिलेगा, इसका फैसला 26 जुलाई को होगा। 19 जुलाई रविवार को यादव समाज भवन में बैठक हुई। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म जमा करने वाले प्रत्याशियों को नाम वापसी का मौका दिया गया, लेकिन उन्होंने नाम वापस लेने से इंकार कर सीधा मुकाबला करने का निर्णय लिया। दानीटोला वार्ड निवासी रामेश्वर यादव और यशवंत यादव को नगर इकाई अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदार घोषित कर निर्वाचन अधिकारी नन्द किशोर यादव, रामअवतार यादव ने चुनाव चिन्ह का वितरण कर सामाजिकजनों को आगामी चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराया। रामेश्वर को बांसुरी एवं यशवंत यादव को मोर पंख छाप चुनाव चिन्ह दिया गया है। बैठक में रामनाथ यादव, एनआर यादव, बंशी यादव, नरेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, तुलसीराम यादव, हेमंत यादव, हीरालाल यादव, रामरतन यादव, रामेश्वर यादव, यशवंत यादव, परदेशीराम यादव, जमुनालाल यादव, धैर्य यादव उपस्थित थे। समिति के मुख्य चुनाव आयुक्त का दायित्व शिक्षक एनआर यादव निभाएंगे। सदस्य हेमंत यादव, तुलसीराम यादव, मोहन यादव, हीरालाल यादव नियुक्त किया गया है। वार्ड के पंजीकृत एक परिवार से एक सदस्य को ही मतदान करने का अधिकार मिलेगा। मतदान 26 जुलाई को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान के बाद मतगणना की जाएगी।

### सेजेस कंडेल में चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक कौशल एवं सृजनात्मक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक संदेश तथा विविध प्रेरणादायक विषयों पर आकर्षक चित्र प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

# देमार के महामाया मंदिर का जल्द होगा जीर्णोद्धार



- मंदिर हमारे आस्था और शक्ति का केंद्र इसलिए माता का दिया माता को अर्पण : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देमार के प्राचीन महामाया मंदिर का जल्द जीर्णोद्धार किया जाएगा। ये मंदिर दशकों से गाँव भर की आस्था का केंद्र रहा है, लेकिन समय के साथ इसकी दीवारें और फर्श जर्जर होने लगे है। देमार गांव के प्रतिनिधि मंडल ने इसी सिलसिले में सहयोग की अपेक्षा के साथ पँ राजेश शर्मा से भेंट की। धमतरी के धर्म प्रेमी पँ राजेश शर्मा ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए तुरंत मदद की मंजूरी दी है। देमार से आये बसंत, परदेसी मीनपाल, सीत कुमार साहू, दिनेश कुमार साहू रघुवीर रामटेके से चर्चा के बाद, श्री शर्मा ने कहा कि गांव हो या शहर मंदिर हमारी आस्था का केंद्र होते है, इन्ही से सनातन समाज को ऊर्जा, प्रेरणा और दिशा मिलती है, यही माता की महिमा और आशीर्वाद है। पँ राजेश ने कहा कि उन्हें जो माँ महामाया ने दिया है वही उनकी सेवा में दे रहा हूँ।

# आज भव्य मंगल प्रवेश के साथ धमतरी में होगा चातुर्मास का शुभारंभ

- 23 जुलाई को श्री आदिश्वर जिनालय से निकलेगा भव्य मंगल प्रवेश, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल, आयंबिल तप करने का किया गया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जैन समाज के सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक आयोजनों में शामिल चातुर्मास पर्व को लेकर धमतरी में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शहर में धर्म, साधना, तप और आराधना के इस महापर्व की शुरुआत 23 जुलाई 2026, गुरुवार को परम पूज्य रत्ननिधि श्री जी महाराज सा. आदि ठाणा-4 के भव्य मंगल प्रवेश के साथ होगी। इस अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गुरु भगवंत की अगवानी करेंगे। परम पूज्य रत्ननिधि श्री जी महाराज सा. कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी परम पूज्य निपुणा श्री जी म.सा. की सुशिष्या तथा संघ स्नेह वारिधि, प्रवचन प्रवीणा स्नेहयशा श्री जी म.सा. की सुशिष्या हैं। उनके धमतरी आगमन को जैन समाज अत्यंत सौभाग्य का विषय मान रहा है। उनके सान्निध्य में पूरे चातुर्मास के दौरान प्रवचन, धर्मसभा, स्वाध्याय, तप, आराधना एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज के साथ-साथ आम नागरिक भी आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।



मंगल प्रवेश यात्रा प्रातः 8 बजे गोल बाजार स्थित श्री आदिश्वर जिनालय से प्रारंभ होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गुरु भगवंत का नगर में भव्य स्वागत किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं स्वयंसेवकों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा सभी श्रावक-श्राविकाओं से आयंबिल तप करने की भावना रखने का आग्रह किया गया है। आयंबिल की व्यवस्था श्री पार्श्वनाथ जिनालय, इतवारी बाजार में की गई है। साथ ही आयंबिल करने वाले सभी तपस्वियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपना नाम पूर्व में श्री पार्श्वनाथ जिनालय कार्यालय में दर्ज करा दें, जिससे आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा सकें।

चातुर्मास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र गोलछा ने कहा कि चातुर्मास केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम, तप और आध्यात्मिक जागरण का महापर्व है। उन्होंने कहा कि परम पूज्य रत्ननिधि श्री जी महाराज सा. का धमतरी आगमन पूरे समाज के लिए अत्यंत सौभाग्य और गौरव का विषय है। उनके पावन सान्निध्य में समाज के लोगों को धर्म, संस्कार और सदाचार का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वीरेंद्र गोलछा ने धमतरी सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी श्रावक-श्राविकाओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे 23 जुलाई को प्रातः आयोजित भव्य मंगल प्रवेश में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गुरु भगवंत का स्वागत करें तथा धर्मलाभ प्राप्त करें।

# धमतरी में पत्रिका का प्रत्यय का विमोचन 25 जुलाई को

**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति धमतरी द्वारा जिले की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को नई पहचान देने तथा साहित्यकारों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से 25 जुलाई शनिवार को एक भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 3 बजे साहित्य भवन म्युनिसिपल स्कूल के पीछे धमतरी में होगा जिसमें जिले सहित प्रदेश के अनेक साहित्यकार, कवि, लेखक, बुद्धिजीवी एवं साहित्य प्रेमी शामिल होंगे।

समिति के अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कवयित्री कामिनी कौशिक के संपादन में प्रकाशित प्रत्यय पत्रिका का विमोचन होगा। यह पत्रिका जिले के साहित्यकारों की रचनात्मक प्रतिभा और साहित्यिक योगदान को व्यापक पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। कार्यक्रम में साहित्य और समाज को नई दिशा देने वाले साहित्यकारों एवं विभूतियों के सम्मान में कवि नारायण लाल परमार, त्रिभुवन पांडेय, मुकीम भारती, भगवती लाल सेन, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त तथा संत गुरु घासीदास के नाम पर मार्ग नामकरण के सांकेतिक बोर्ड का लोकार्पण भी किया जाएगा। समिति का मानना है कि यह पहल नई पीढ़ी को अपने साहित्यिक पुरोधाओं से जोड़ने और उनके योगदान को सदैव स्मरणीय बनाए रखने का प्रयास है।

समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव करेंगे जबकि विशेष अतिथि के रूप में पार्षद योगेश लाल उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रख्यात कथाकार डॉ.परदेशीराम वर्मा भिलाई तथा वरिष्ठ लेखक रवि श्रीवास्तव भिलाई की भी उपस्थिति रहेगी।

साथ ही जिला हिन्दी साहित्य समिति के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा एवं डॉ. सरिता दोशी का साहित्य एवं संस्था के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान किया जाएगा। जिला हिन्दी साहित्य समिति ने जिले के सभी साहित्यकारों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा साहित्य प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।



## खबर संक्षेप



### कैंसर पीड़ित मरीज की मदद को आगे आईं महिलाएं

**धमतरी।** सामाजिक सरोकार निभाते हुए जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान की समस्त कार्यकर्ताओं ने कोष्टापारा वार्ड, धमतरी निवासी एक कैंसर पीड़ित मरीज की सहायता के लिए मानवीय पहल की है । संस्थान की ओर से मरीज को उपचार हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई तथा बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी में भर्ती भी कराया गया। संस्थान की इस सेवा भावना की स्थानीय लोगों ने सराहना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करना संस्था का उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस सेवा कार्य में विशेष सहयोग मोहनी साहू, खिलेश्वर साहू, पोषण सिन्हा, शिवा प्रधान, सोहेल शेख, जितेंद्र भाटिया, शमीना अंजुम, भारती साहू, भावना मरकाम, दीपा गायकवाड़, मंजू टेमरे, भारती सोनी, ममता मिश्रा, रितु प्रधान, मालती देवी, हिना मरकाम, प्रिया सिन्हा एवं प्रभा चंद्राकर का रहा।

### मुआयने के दौरान भरभराकर गिरी सीढ़ियां : नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं सैकड़ों परिवार

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक ने किया जर्जर अटल आवास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर एवं धमतरी विधायक ओंकार साहू ने आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी मौजूदगी में विवेकानंद वार्ड और जोधापुर वार्ड अटल आवास गृहों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टला, जब निरीक्षण के ठीक समय एक ब्लॉक की जर्जर सीढ़ियां अचानक ढह गईं। इस घटना ने प्रशासन और नगर निगम द्वारा गरीबों के आवासों की जा रही अनदेखी की पोल खोलकर रख दी है।

जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर जब कार्यकर्ताओं के साथ परिसर की बदहाली का जायजा ले रहे थीं, तभी अचानक एक जर्जर भवन की मुख्य कांक्रीट की सीढ़ी भरभराकर नीचे गिर गई। जिसमें कुछ कार्यकर्ताओ को हल्की चोटें आई हैं। इस घटना से साफ है कि ये इमारतें अब रहने लायक नहीं बची हैं और कभी भी जमींदोज हो सकती हैं। निरीक्षण के दौरान नेताओं ने पाया कि अटल आवास परिसर की स्थिति पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं और लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। छतों की जर्जर स्थिति के कारण ऊपरी मंजिल का पानी नीचे के घरों में भारी मात्रा में लगातार टपक रहा हैं। पानी के रिसाव के कारण पूरे घर की दीवारें हमेशा गीली रहती



हैं। इसके चलते बिजली के बोर्ड और दीवारों में करंट उतरने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे मासूम बच्चों की जान पर चौबीसों घंटे खतरा मंडरा रहा है। अधिकांश ब्लॉकों की सीढ़ियां और छज्जे सड़ चुके हैं, मकानों की दीवारों में चौड़ी दरारें आ चुकी हैं। बदहाली से त्रस्त स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पूरे अटल आवास को ढहाकर अलग-अलग भागों (चरणबद्ध तरीके) में इसका नए सिरे से पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित आशियाना मिल सके।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा की अटल आवास की यह बदहाली प्रशासनिक उदासीनता की पराकाष्ठा है। यहाँ बुनियादी सुविधाएं तो दूर, लोगों का अस्तित्व ही खतरे में है। दीवारों की सीलन और करंट की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। आज ढही सीढ़ियां यह चीख-चीख कर कह रही हैं कि ये भवन अब रहने योग्य नहीं है। यहां के निवासी अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं।

हम जिला प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हैं कि या तो तत्काल इन आवासों को अलग-अलग भाग में खाली कराकर इनका पुनः निर्माण शुरू किया जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन का बिगुल फूंकेगी। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और संवेदनशील मामला है। सरकार और स्थानीय प्रशासन गरीबों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आज हमारे निरीक्षण के दौरान जो सीढ़ियां भरभराकर गिरीं, उन पर रोज़ मासूम बच्चे और बुजुर्ग चढ़ते-उतरते हैं। अगर प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है, तो कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

निरीक्षण के पश्चात उच्च अधिकारियों को इससे अवगत करा दिया गया है। हम सदन से लेकर सड़क तक इन गरीबों के हक की आवाज़ उठाएंगे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, खिलेंद्र ध्रुव, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद सुमन मेश्राम, सूरज गहरवार, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, शास्त्री सोनवानी, राकेश मौर्या, उदित नारायण साहू, आशुतोष खरे, प्रवीण साहू, अविनाश मारोठे, अभिषेक ठाकुर, मानिक साहू श्रीकांत तिवारी, मानिक साहू, समीन खान, वीणा देवांगन, संजय देवांगन, सूरज पासवान, योगेश्वर साहू, धर्मेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भोयना में विधायक ने किया माँ शीतला भवन का लोकार्पण

**धमतरी।** धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओंकार साहू आज ग्राम भोयना में आयोजित माँ शीतला भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने माँ शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा ग्रामवासियों के साथ इस अवसर के सहभागी बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओंकार साहू ने कहा कि माँ शीतला भवन ग्राम की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का केंद्र बनेगा। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक स्थल समाज में भाईचारा, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने माँ शीतला से प्रार्थना की कि समस्त क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो तथा सभी लोगों का जीवन खुशहाल और निरोगी बने।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
DCA PGDCA BCA
SCHOLARSHIP WITH 100% RESULT
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
पुराना दाजी मराठी स्कूल, मराठापारा, धमतरी (छ.ग.)
Contact : 8450022865, 9203522865 9203622865, 9203722865

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
16/17 अगस्त 2026, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
98935-70664, 98271-88577

